कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
दूरभाष एवं फेक्स :– (07562)224706 ई–मेलः–heggcseh@mp.gov.in
वेव. : www.ggcsehore.in/

दिनांक 03/12/2019

//प्रेस विज्ञप्ति//

एड्स जागरूकता कार्यक्रम

आज दिनांक 01.12.2019 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस पर दो दिवसीय एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा जिला अस्पताल से रैली निकालकर किया गया। रैली का उद्देश्य समाज में लोगो को एड्स एवं रक्तदान के प्रति जागरूकता करना था। जिला अस्पताल में छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसको डाक्टर्स एवं नगर के लोगों द्वारा सराहा गया। इसके पश्चात् डॉ. पी.एस. आर्मो द्वारा छात्राओं को रक्तदान के महत्व बताते हुए कहा कि रक्तदान स्वच्छा से करना चाहिए। साधारण स्वस्थ व्यक्ति साल में 04 बार रक्तदान कर सकता है। डॉ. नमिता नीलकंठ ने छात्राओं को T.B. की मुख्य पहचान, लक्षण एवं इसके घातक परिणामों से अवगत कराया। ITTC काउन्सलर श्रीमति पुष्पा साहू ने HIV वायरस तथा AIDS के मुख्य कारणों को बताते हुए कहा कि सही जानकारी एवं सुरक्षा ही इस बीमारी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। इसका बेक्सीन नही होने से जागरूकता ही इसके बचाव का सबसे बड़ा माध्यम है। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने सीहोर बस स्टेण्ड पर भी नुक्कड़ नाटक का मंचन कर समाज को एड्स जैसी बीमारी के प्रति जागरूक किया। नाटक का मंचन रासेयो दलनायक कु. प्रिया घाड़ी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें मीनल, आरती, गायत्री, दीपिका सेन, पूजा सेन, पलक, शिल्पा, सोनम लोधी, पिंकी, रिंकु, जानवी, सितारा, शालिनी का विशेष सहयोग रहा। इसके साथ ही महाविद्यालय में दूसरे दिन छात्राओं द्वारा रेड रिबन लगाकर एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महाविद्यालयीन छात्राओं को जागरूक किया इसके साथ ही एड्स एवं रक्तदान विषय पर भाषण, पोस्टर, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री एवं सहायक डॉ. प्रतिभा सोनी के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ।

HOTEL
AIDS DAY
विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर

जिला एड्स नियंत्रण समिति, सीहोर
NACO
रेड रिबन क्लब
विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर

रेड रिबन क्लब
राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर

रेड रिबन क्लब
राष्ट्रीय सेवा योजना
शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर